CCE-III-RR/PR/PF/NSR/NSPR(A)/111/7103

**A**

**ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-3**

**AUGUST 2024 EXAMINATION-3**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 45 ]

Total No. of Questions : 45 ]

**CCE RR/PR/PF/ NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**(ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh / NSR / NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 02. 08. 2024 ] [ Date : 02. 08. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**Cut here/ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)** । **प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें ।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो ।

यहाँ से काटिए

**02. 08. 2024**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं । उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** **6 × 1 = 6**

1. 'उचित' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) अनुपम (B) अनुचित

   (C) औचित्य (D) अनुदार

2. 'गायक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) कलाकार (B) गायन

   (C) गायकी (D) गायिका

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द पहचानिए –

   (A) टोकरी (B) किताबें

   (C) नदियाँ (D) कपड़े

4. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) पढ़ाई (B) पढ़वाना

   (C) पढ़ाना (D) पाठ

5. 'आकाश' शब्द का समानार्थक है –

(A) बादल (B) धरती

(C) गगन (D) बरसात

6. 'आँख लगना' इस मुहावरे का अर्थ है –

(A) तैयार रहना (B) चिंता में पड़ना

(C) गुस्सा करना (D) नींद आना

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।**

**4 × 1 = 4**

7. किशोरावस्था : दीर्घ संधि :: अत्यन्त : ............................ ।

8. प्रतिदिन : अव्ययीभाव समास :: पूजन-अर्चन : ............................ ।

9. राज्य में भ्रष्टाचार फैल गया था : भूतकाल :: विशेषज्ञ दरबार में हाज़िर होते हैं : ................ ।

10. सदैव सत्य बोलनेवाला : सत्यवादी :: अभिनय करनेवाला : .................... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **7 × 1 = 7**

11. रवीन्द्रनाथ ठाकुर जी ने शान्तिनिकेतन छोड़कर कहाँ रहने का निर्णय लिया ?

12. चंदेल राजाओं के राजकवि कौन थे ?

13. मनुष्य रुपये का गुलाम क्यों है ?

14. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

15. कभी परदेश में हो, तब भी कवि डॉ० इकबाल जी का दिल कहाँ होता है ?

16. जग की सड़न को कैसे रोक सकते हैं ?

17. परिश्रमी व्यक्ति जीवन के रेतीले मैदानों को किसके सहारे पार करता है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

18. रुपये ने इस संसार में किन–किन को हराया ? बताइए ।

19. कोलकाता के आश्रम में कुत्ते ने कैसा बर्ताव किया ?

20. समा बँध जाने के अवसर का वर्णन कीजिए ।

21. पहाड़ी लोकगीतों के बारे में जानकारी दीजिए ।

22. मानव किन-किन का शिकार बना है ? बताइए ।

23. सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोसताँ हमारा । कैसे ?

24. जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच कम देखते हैं । हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता है ?

25. रैदास ने सेठजी को सुपारी देते समय कैसी शर्त रखी थी ?

26. अफ्रीकावासी बेडेन पावेल को इम्पासी कहकर क्यों पुकारते थे ?

27. ज्योतिषी और नेपोलियन के बीच हुई बातचीत का विवरण दीजिए ।

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 × 3 = 6**

28. जैनेन्द्र ।

29. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

30. तनिक सीत जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

31. कनक–कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **4 × 3 = 12**

32. ''ढाई सौ रुपये के लिए भाई से भीख माँगोगी'' ?

33. ''इस कल में से ईमान या बेईमानी के स्वर निकलते हैं जिन्हें आत्मा की पुकार कहते हैं ।''

34. ''पूजा के पश्चात भोजन तक मैं किसी वस्त्र आदि का स्पर्श नहीं करता ।''

35. ''अनदेखे अरूप को,

उधार देते मैं डरता हूँ,

क्या जाने यह याचक कौन है ?''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए :** **3 × 3 = 9**

36. पैरों में कील के चुभने पर भी रवीन्द्रनाथ चुप क्यों थे ?

37. आलूर वेंकटराव जी के नूतन विद्यालय के बारे में लिखिए ।

38. भ्रमर के व्यवहार से हमें कैसी सीख मिलती है ? स्पष्ट कीजिए ।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

39. जग में सुख ..........................................................................

..................................................................................

..................................................................................

........................................................... को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर जिस ..........................................................................

..................................................................................

..................................................................................

........................................................... स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **4**

40. भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,
प्यास लगी तो तालाब–कुएँ हैं,
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म–सखा तू ही है ।

**अथवा**

अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए।** $2 \times 4 = 8$

41. किन-किन अपमानों के बाद महात्मा गाँधीजी उद्विग्न रहने लगे ? विवरण दीजिए ।

**अथवा**

गाँधीजी द्वारा चलाये गये आंदोलनों का महत्व समझाइए ।

42. मन्नू भण्डारी जी के घर-परिवार का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

मन्नु भण्डारी जी के जीवन में शीला अग्रवाल जी का पात्र कैसा था ? विवरण दीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** $2 \times 2 = 4$

43. नागालैण्ड भारत का एक छोटा-सा राज्य है । सारा ही प्रदेश पहाड़ों से भरा हुआ है । यहाँ वर्षा भी काफी होती है जिससे पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा खेतों में अच्छी उपज होती है । नागा लोग छोटे-छोटे गाँवों में रहते हैं । गाँवों के चारों ओर पत्थर या लकड़ी की चहारदीवारी बनी होती है । नागाओं के मकान लकड़ी के बने होते हैं ।

बहुत बार बल्लियों के ऊपर कुछ ऊँचाई पर भी मकान बनाए जाते हैं । जंगलों में रहनेवाले नागाओं का रहन-सहन आज के पढ़े-लिखे नागाओं से अवश्य भिन्न है । इनमें शेर और चीते की खाल का पहनावा, जंगली जानवरों के सींगों के गहने, रंग-बिरंगे बालों में पिरोई हुई कौड़ियों की मालायें, कंधे पर शेर के बाल तथा हाथ में भाला रखना अब भी प्रचलित है ।

**प्रश्न :**

a) नागाओं के मकान कैसे होते हैं ?

b) जंगल में रहनेवाले नागाओं का जीवन पढ़े-लिखे नागाओं से भिन्न है । कैसे ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. अपने जन्म दिन का कारण बताकर दो दिनों की छुट्टी का निवेदन करते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षिक यात्रा में हिस्सा लेने के लिए रु० 3,000 भेज देने की विनती करते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 × 5 = 5**

45. i) राष्ट्रीय त्योहार

ii) पर्यावरण प्रदूषण ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE